एग्रीश्योर योजना

[स्रोत: पी.आई.बी](#)

हाल ही में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने नई दिल्ली में **एग्रीश्योर/AgriSURE (स्टार्टअप और ग्रामीण उद्यमों के लिये कृषि कोष/Agri Fund for Start-ups & Rural Enterprises)** योजना का अनावरण किया, जो भारत के कृषि परिदृश्य को बदलने में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।

- इस कार्यक्रम में **एग्रीश्योर ग्रीनाथॉन पुरस्कार** भी प्रदान किया गया, जिसमें शीर्ष तकनीक-संचालित [कृषि स्टार्टअप्स](#) को मान्यता दी गई।
- एग्रीश्योर 750 करोड़ रुपए का एक अभिनव मिश्रित पूंजी कोष है, जो [भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड](#) के साथ [श्रेणी II वैकल्पिक निवेश कोष (AIF)](#) के रूप में पंजीकृत है, जिसमें भारत सरकार (250 करोड़ रुपए), [राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड)](#) (250 करोड़ रुपए) और निजी निवेशकों (250 करोड़ रुपए) का योगदान है।
  - इसका उद्देश्य प्रौद्योगिकी-संचालित, उच्च-जोखिम, उच्च-प्रभाव वाले उपक्रमों पर ध्यान केंद्रित करते हुए एग्रीश्योर को **कृषि और ग्रामीण स्टार्ट-अप इकोसिस्टम में विकास को बढ़ावा देने तथा नवाचार को बढ़ावा देना है।**
- **एग्रीश्योर ग्रीनथॉन पुरस्कारों** ने **कृषि-मूल्य शृंखला में किसानों के सामने आने वाली चुनौतियों** का समाधान करने के लिये तकनीक-केंद्रित समाधान विकसित करने वाले सबसे नवीन स्टार्ट-अप्स को मान्यता दी।
  - विजेताओं में 2000 स्टार्ट-अप्स में से ग्रीन्सैपियो (विजेता), कृषिकांता (उपविजेता) और एम्ब्रोनिक्स (द्वितीय उपविजेता) शामिल हैं, जिनकी कुल पुरस्कार राशि 6 लाख रुपए है।
- **कृषि-तकनीक से संबंधित पहल:** डिजिटल कृषि मिशन (DAM), एग्रीस्टैक **और** एकीकृत किसान सेवा मंच।

और पढ़ें: [किसानों की आय बढ़ाने हेतु 7 नई योजनाएँ](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/agrisure-scheme